◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

ऑटोमोबाइल

अनूपपुर भाजपा का अनुकरणीय निर्णय, अब वाहनों पर नहीं दिखेंगे पदनाम के बोर्ड



पद के प्रदर्शन के बजाय सेवा और कार्यों से बनेगी पहचान, संगठन में सादगी एवं अनुशासन को मिलेगा बढ़ावा

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी की अनूपपुर जिला इकाई ने संगठनात्मक सादगी, अनुशासन और सेवा भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि अब जिले का कोई भी भाजपा पदाधिकारी अपने निजी वाहनों पर पदनाम की पट्टिका या बोर्ड नहीं लगाएगा। संगठन के इस निर्णय को राजनीति में दिखावे के बजाय जनसेवा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

जिला बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से वाहनों पर पदनाम प्रदर्शित करने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, मंडल अध्यक्षों तथा विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। इसके बाद वाहनों से पदनाम की पट्टिका हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस निर्णय के माध्यम से संगठन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पद किसी प्रकार के विशेषाधिकार या दिखावे का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के प्रति जिम्मेदारी और सेवा का प्रतीक है।

सेवा और समर्पण से बनेगी कार्यकर्ताओं की पहचान

भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने निर्णय की भावना स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी अंत्योदय एवं सेवा ही संगठन के मूल सिद्धांतों पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की वास्तविक पहचान उनके पदनाम से नहीं, बल्कि जनता के बीच किए गए सेवा कार्यों, व्यवहार और समर्पण से होनी चाहिए। पदनाम के प्रदर्शन से दूरी बनाकर सहजता और सरलता के साथ जनता के बीच कार्य करना संगठन की प्राथमिकता है।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे दिखावे की संस्कृति से दूर रहकर आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान तथा जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

सभी पदाधिकारियों पर लागू होगा निर्णय

जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि यह निर्णय जिला कार्यसमिति, मंडल पदाधिकारियों सहित युवा, महिला, किसान एवं अन्य मोर्चा-प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारियों पर समान रूप से लागू होगा। सभी से अपेक्षा की गई है कि वे अपने वाहनों से पदनाम की पट्टिकाएं तत्काल प्रभाव से हटाकर संगठनात्मक निर्णय का पालन सुनिश्चित करें।

स्वस्थ राजनीति और जनसेवा की दिशा में सकारात्मक पहल

अनूपपुर भाजपा का यह निर्णय संगठन में समानता, सादगी और अनुशासन को बढ़ावा देने के साथ ही कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पद के प्रदर्शन के बजाय सेवा, समर्पण और जनसंपर्क को पहचान का आधार बनाने की यह पहल स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति का संदेश देती है।

— Dinkar Kumar Mahara

स्वास्थ्य

बैतूल जिले के भीमपुर ब्लॉक के गुरुवा गांव में ट्रैक्टर-ट्राली का उलटना



आज बैतूल जिले के भीमपुर ब्लॉक के गुरुवा गांव में एक ट्रैक्टर-ट्राली का उलटना हुआ। सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि ट्रेक्टर चालक की कुद की गाड़ी स्वयं चला रहा था।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्राली लेकर बर्रा से मक्का लेने के लिए गए थे ।

खराब रास्ते के कारण गाड़ी पर काबू ना कर पाया और ट्रैक्टर ट्राली सहित जा पलट गई।

बताया जा रहा है ट्रैक्टर चालक का नाम भोलू चौहान हैं, और ट्रैक्टर ट्राली स्वयं की हैं।

यह दुर्घटना स्थानीय कच्छी सड़कों पर हुई, जहाँ वाहन का पूरा लोड उलट गया।

वर्तमान में घटना से संबंधित कोई अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध नहीं है। धन्यवाद

— Jouhrilal kasde

अपराध

उज्जैन के पंवासा में हफ्ता वसूली के आरोप में विजय उर्फ टोकन को पुलिस ने गिरफ्तार किया



उज्जैन के पंवासा क्षेत्र में हफ्ता वसूली और मारपीट के आरोप में पुलिस ने विजय उर्फ टोकन को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि वह नाबालिगों की गैंग बनाकर लोगों को डराता और हर महीने पाँच सौ रुपये हफ्ता मांगता था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पर 2018 से 2026 के बीच ग्यारह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने क्षेत्र में उसका जुलूस निकाला और अन्य आरोपियों की तलाश जारी रखी है।

— Ankit Parihar, उज्जैन

अपराध

मुरैना में बदले की आग: पड़ोसियों ने युवतियों का आपसी अपहरण, 12 घंटे में 7 आरोपी गिरफ्तार



मुरैना, चंबल अंचल में बदले की परिपाटी का एक नया मामला सामने आया है, जहाँ स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के उत्तमपुरा में पड़ोसियों ने आपसी रंजिश के चलते एक-दूसरे की युवतियों का अपहरण किया।

दो दिन पूर्व हेमराज जाटव ने पड़ोसी की युवती संजना को अपहरण कर लिया था, जिस पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया। संजना के परिवारजनों ने इस घटना से आक्रोश व्यक्त किया और प्रतिशोध स्वरूप हेमराज की बहन कृष्णा को अपहरण कर लिया।


कृष्णा को शहर व गाँव में घुमाकर स्टेशन रोड थाने के सामने छोड़ दिया गया। कृष्णा की शिकायत पर पुलिस ने संजना के सात परिजनों के विरुद्ध मामला दर्ज किया और केवल बारह घंटे में सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मुख्य आरोपी हेमराज जाटव और संजना अभी तक पकड़े नहीं गए हैं; पुलिस तकनीकी साधनों से उनकी तलाश जारी रखे हुए है।

— Ankit Parihar

स्वास्थ्य

बेतूल जिले के भीमपुर ब्लाक में गुरुवा रोड स्कूल के पास दुर्घटना



बेतूल जिले के भीमपुर ब्लाक गांव गुरुवा रोड पर स्कूल के पास एक दुर्घटना हुई। आपस मे दोनो बाईक टकराई जिससे दोनो घायल बता रहे हैं। और एक जायदा गंभीर बता रहे हैं ।

सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि, मिश्रीलाल पिता कन्नी गॉव पातनकुई का बताया जा रहे हैं,

वो पिपरिया से दीपावली मार्केट करके आपने घर जा रहे थे, कि मेंढधाना स्कूल के पास स्थित घाट पर आपस मे दोनों बाईक टक्कर मारी।

दूसरी ओर से आने वाले नाम अरविंद पिता अमरदास गांव धुंधरी का रहने वाला है , वे पिपरिया मार्केट से आपने घर वाले को लेने जा रहे थे।

दुर्घटना गुरुवा रोड पर स्थित स्कूल के पास हुई।

यह घटना बेतूल जिले के भीमपुर ब्लाक गांव गुरुवा में घटित हुई। उन्हें जिला अस्पताल भीमपुर में रेफर किया गया है। धन्यवाद need 24 news

— Jouhrilal kasde

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर का किया औचक



कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर का किया औचक निरीक्षण

जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना के हितग्राहियों से मोबाइल पर की चर्चा

एनआरसी में भर्ती बच्चों के परिजनों से मजदूरी भुगतान की ली जानकारी

कलेक्टर ने जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति योजना, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार नम्बर प्राप्त होने के संबंध में मोबाइल से फोन कर ली जानकारी

जांच लैब प्रभारी को रिकॉर्ड संधारण व्यवस्थित नहीं होने के कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश*

शहडोल 13 नवंबर 2026- कलेक्टर श्री पार्थ जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना तथा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती बच्चों के परिजनों को मिलने वाली सुविधाओं और शासन की योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त की।

जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना तथा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती बच्चों के परिजनों को मिलने वाली सुविधाओं और शासन की योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के हितग्राहियों से मोबाइल फोन पर सीधे चर्चा कर योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी ली। उन्होंने यह भी जानकारी प्राप्त की कि हितग्राहियों को प्रसूति योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं। इसके साथ ही जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार नंबर प्राप्त होने के संबंध में भी मोबाइल फोन के माध्यम से हितग्राहियों से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों से इनकी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

एनआरसी में भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से प्रसूति एवं एनआरसी में भर्ती बच्चों की देखभाल के लिए परिवार के सदस्यों को मिलने वाले 14 दिवस के मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों से पूछा कि उन्हें मजदूरी भुगतान समय पर प्राप्त हो रहा है या नहीं तथा शासन की योजनाओं का लाभ मिलने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जन्म प्रमाण पत्र जारी करने, प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट तथा आधार नंबर ऑनलाइन भेजने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इन सभी कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो तथा हितग्राहियों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कलेक्टर ने एनआरसी, प्रसूति वार्ड, लैब कक्ष, डिलीवरी प्रतीक्षा कक्ष एवं आउटडोर का निरीक्षण किया। जांच लैब में रिकॉर्ड का संधारण व्यवस्थित नहीं पाए जाने पर उन्होंने लैब प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक अभिलेख व्यवस्थित रूप से संधारित किए जाएं तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग एवं बीएमओ उपस्थित रहे।

— Manjur Mansoori Saif Khan

स्थानीय

शहडोल: 46 वर्षीय मैकू भरिया की मछली पकड़ते समय डूबने से मौत, SDRF ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला शव



शहडोल में 46 वर्षीय मैकू भरिया मछली पकड़ने के लिए निकले और जल में डूबकर उनका निधन हो गया। यह दुखद घटना स्थानीय निवासियों ने बताया।

डूबने के बाद तुरंत स्थानीय अधिकारियों ने SDRF (State Disaster Response Force) को कार्रवाई के लिए बुलाया। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, टीम ने पानी में डूबा हुआ शव सफलतापूर्वक निकाल लिया।

स्थानीय प्रशासन ने बताया कि घटना की पूरी जांच की जाएगी और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया जाएगा। परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की गई।

— Brijesh Kumar Lodhi

मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में कलेक्टर ने सीधे ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, उद्यमी-कृषक संवाद से आर्थिक सशक्तिकरण पर चर्चा



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत मंडला जिले के चाबी में पीएम श्री सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में विशाल जनसंवाद शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी कार्यान्वयन की समीक्षा की।

विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने-अपने योजनाओं का प्रस्तुतीकरण कर ग्रामीणों के आवेदनों का त्वरित निराकरण शुरू कर दिया। विधायक श्री चैन सिंह वरकड़े ने कहा कि यह मंच जनता को समस्याएं रखने, विकास सुझाव देने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है।

शिविर में उद्यमी-कृषक संवाद आयोजित हुआ, जहाँ रोजगार, स्वरोजगार और कृषि संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। संबल योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा स्व-सहायता समूहों को सीसीएल राशि प्रदान की गई।

जनपद पंचायत अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, सरपंच एवं कई विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

इस प्रकार मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर ने प्रशासन को जनसमुदाय के करीब लाते हुए स्थानीय विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण को गति दी।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

मंडला: राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया पक्षी संरक्षण का संकल्प



मंडला के शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के इको क्लब के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला के दौरान पर्यावरणविद् राजेश क्षत्रि ने विद्यार्थियों को पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके प्राकृतिक आवास और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियों को बचाने के लिए सामूहिक एवं मानवीय प्रयासों की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव एवं पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के जिला प्रभारी अखिलेश उपाध्याय ने विद्यार्थियों को पर्यावरण स्वच्छ रखने तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ पक्षी दर्शन (बर्ड वॉचिंग) में भी भाग लिया, जिससे उन्हें स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की विशेषताओं और उनके व्यवहार को समझने का अवसर मिला।

— Rishabh Gupta

मंदला में सरकारी आईटीआई में सुरक्षा जवान व ड्रोन पायलट के लिए भर्ती कैंप आयोजित



जिला रोजगार कार्यालय और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडला ने जीडीसीएस ग्रुप- पेटेंट नोएडा के सहयोग से भारत सरकार के पासा अधिनियम 2005 के तहत सुरक्षा जवान, ड्रोन पायलट, सुरक्षा सुपरवाइज़र एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर पदों के लिए भर्ती कैंप का आयोजन किया है। यह कैंप 16 से 26 नवंबर 2026 तक जिले के सभी शासकीय आईटीआई में आयोजित होगा, जबकि मंडला में 26 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।

सुरक्षा जवान पद के लिए 10वीं पास, आयु 18-40 वर्ष, न्यूनतम ऊँचाई 168 सेंटीमीटर तथा निर्धारित शारीरिक मापदंड अनिवार्य हैं। ड्रोन पायलट एवं अन्य पदों के लिए भी शैक्षणिक योग्यता, आयु और शारीरिक मानकों के अनुसार निर्धारित मानदंड रखे गए हैं।

इच्छुक युवा अपने मूल दस्तावेज़ एवं प्रमाण-पत्रों के साथ संबंधित शासकीय आईटीआई में जाकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। अन्य जिलों के उम्मीदवार भी इस भर्ती कैंप में भाग लेकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नंबर 9311947932 और 9667989993 पर संपर्क किया जा सकता है।

चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के बाद औद्योगिक क्षेत्रों में 21,500 रुपये से 25,000 रुपये तक का मासिक वेतन, भोजन, जीवन बीमा, चिकित्सा सुविधा, वार्षिक वेतन वृद्धि, ऋण एवं प्रोमोशन जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र गांड़वे ने बाल दिवस पर बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं



14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र गांड़वे जी ने देश के भविष्य के बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ संदेश जारी किया।


राजेंद्र गांड़वे जी ने इस संदेश में सभी बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की तथा उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

उनके इस संदेश से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी बच्चों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता रखती है और उन्हें समाज के उज्ज्वल भविष्य का आधार मानती है।

सेंधवा से दिनेश की रिपोर्ट

— DINESHNEED24

छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान “नहाय-खाय” का भव्य आयोजन, सूर्य देव को मिली हार्दिक शुभकामनाएँ



छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान नहाय-खाय का भव्य आयोजन स्थानीय समुदाय द्वारा आयोजित किया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने सूर्य देव की उपासना की और इस पावन पर्व की शुरुआत की।

इस अनुष्ठान में भक्तजन नहाकर शुद्ध जल में स्नान कर शुद्धता का प्रतीक बनाते हुए, विशेष प्रसाद तैयार करके सूर्य देव को अर्पित करते हैं। सभी उपस्थित लोग मिलकर सूर्य को अर्घ्य देते हुए प्रार्थना करते रहे।

समारोह के समापन पर सभी को नहाय-खाय की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं, जिससे इस पावन पर्व की आध्यात्मिक भावना और सामाजिक एकता का संचार हुआ।

— DINESHNEED24

राजनीति

कांग्रेस नेता ने पूर्व राज्यसभा सांसद अंबिका सोनी को जन्मदिन की बधाई



कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने पूर्व राज्यसभा सांसद अंबिका सोनी जी के जन्मदिन के अवसर पर बधाई संदेश दिया।

संदेश में अंबिका सोनी जी को उनके सार्वजनिक कार्यों और समर्पण के लिए सराहना की गई तथा भविष्य में और अधिक सफलता की कामना की गई।

यह बधाई संदेश सामाजिक मीडिया एवं आधिकारिक चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया गया, जिससे पार्टी के अनुयायियों और जनता ने इस शुभकामना को सराहा।

— DINESHNEED24

स्थानीय

पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ विजय लक्ष्मी साधो दीदी को जन्मदिन की बधाई

मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ विजय लक्ष्मी साधो दीदी के जन्मदिन पर उनके परिवार और सहकर्मियों ने हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

पूर्व लोकसभा प्रत्याशी खरगोन बड़वानी डॉ गोविंद मुजाल्दा जी ने

उपस्थित लोगों ने उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए बधाई दी।

इस अवसर पर उनके योगदान और सेवा को याद करते हुए, सभी ने उनके कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों का स्मरण किया।

जन्मदिन की इस शुभ अवसर पर डॉ साधो दीदी ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि की।

— DINESHNEED24

पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर राष्ट्रीय स्तर पर शुभकामनाएँ



पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर राष्ट्रीय स्तर पर शुभकामनाएँ दी गईं।

इस दिन देशभर में नेहरू के योगदान और उनके आदर्शों को याद करते हुए विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं ने उन्हें सम्मानित किया।

शुभकामनाएँ देने के साथ ही उनके कार्यकाल की उपलब्धियों और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की गई।

— DINESHNEED24

स्थानीय

ग्राम बरतरा में जन विश्वास शिविर: पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



ग्राम बरतरा में आज एक जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से अवगत कराना और उन्हें लाभान्वित करना था।

शिविर के दौरान, संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को उनके लाभों के बारे में सूचित किया गया।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले हितग्राहियों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

आयोजकों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ताकि सभी पात्र नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

— Brijesh Kumar Lodhi

कृषि

कलेक्टर ने मंडला में कृषक सुनील झारिया के फार्म हाउस व दीदी कैफे का निरीक्षण, कृषि नवाचार को मिली सराहना



कलेक्टर ने मंडला में आयोजित निरीक्षण में कृषक सुनील झारिया के फार्म हाउस का दौरा किया, जहाँ लाल व सफेद चंदन, मालाबार नीम के पौधे, मछली पालन, जीवामृत, घनजीवामृत व मदर कल्चर जैसी प्राकृतिक एवं जैविक खाद निर्माण की प्रक्रियाएँ देखी गईं।

कलेक्टर ने इन नवाचारों की सराहना करते हुए फार्म हाउस पर होम-स्टे विकसित करने का सुझाव दिया, जिससे कृषि-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।


इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम बंगली में पंचवटी आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित ‘दीदी कैफे’ का निरीक्षण किया, जहाँ समूह की महिलाओं को उनके उद्यम में उत्साहवर्धन मिला।

निरीक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम मंडला संस्कार बावरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती, तहसीलदार मोहगांव चंद कुमार वट्टे, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, एपीसी मुकेश पांडे तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

यह दौरा कृषि में जैविक तकनीकों के प्रसार और महिला उद्यमिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद है।

स्थानीय

जीनापुर रेलवे अंडरपास में लगातार जलभराव से ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी



जीनापुर रेलवे अंडरपास, जो सवाई माधोपुर के जिला मुख्यालय से मात्र तीन किलोमीटर दूर स्थित है, पर लगभग 12 महीनों तक पानी भरा रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

इस अंडरपास में लगातार पानी जमा होने के कारण वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को जोखिम उठाकर ही मार्ग पार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने कई बार रेलवे के ठेकेदारों को इस समस्या के बारे में सूचित किया है, परंतु आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं मिला है।

लोगों ने रेलवे प्रशासन से जल निकासी की उचित व्यवस्था करवाने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है, और सवाल यह उठता है कि जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे और कब तक यह समस्या बनी रहेगी।

— Buddhi Prakash Mali

अपराध

कोतमा, अनूपपुर में बिल्डिंग में मिला लावारिश महिला का मृत्य शव



अनूपपुर जिले के कोतमा में स्थित एक बिल्डिंग के भीतर महिला का मृत्य लावारिश शव मिला। यह घटना स्थानीय निवासियों द्वारा रिपोर्ट की गई।

अधिकारियों ने शव को सुरक्षित किया और प्रारम्भिक जांच शुरू की।

इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र करने हेतु आगे की जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन ने निवासियों से सहयोग की अपील की है।

जमुना मंडल स्कूल के सामने बिल्डिंग में मिला 55 वर्षीय महिला का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

जमुना। अभी-अभी जमुना स्थित मंडल स्कूल के सामने बनी एक बिल्डिंग में महिला का शव मिलने की सूचना सामने आई है। मृत महिला की पहचान मालती यादव (55 वर्ष), निवासी कुशियारा गांव के रूप में बताई जा रही है। माहौल है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

जिगना पुलिस ने पटवारी पर हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, एक फरार



जिगना पुलिस ने दतिया के ग्राम जौहरिया में शासकीय भूमि कार्य के दौरान पटवारी विजय सिंह चाहर के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों अरविंद यादव (42) और प्रेम सिंह यादव (45) को गिरफ्तार किया। यह घटना 11 नवंबर को घटी थी।

घटना स्थल पर पटवारी को शारीरिक रूप से पीटा गया और कई बार जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान आरोपी ने गाली-गलौज का प्रयोग किया, जिससे कार्यस्थल में अस्थिरता उत्पन्न हुई।

थाना जिगना के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई का निर्देशन एसपी मयूर खंडेलवाल एवं एएसपी मंजीत सिंह चावला ने किया। तीसरा आरोपी दीपक राजपूत अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

— Ankit Parihar

स्थानीय

नक्सलवाद के बाद बालाघाट के 100 गांवों के विकास के लिए 330 करोड़ की कार्ययोजना तैयार



नक्सलवाद के खात्मे के बाद बालाघाट जिले के प्रभावित 100 गांवों के विकास के लिए 330 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है। यह योजना जिला प्रशासन ने नक्सलवाद समाप्ति के बाद क्षेत्र में स्थायी विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं के साथ साथ पर्यटन विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। विकास और पर्यटन के समन्वय से बालाघाट को एक आकर्षक गंतव्य बनाने की आशा व्यक्त की गई है।

पीआईबी और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश पुलिस के डॉ. मोहन यादव ने भाग लिया। इस कार्यशाला में योजना की प्रमुख बिंदुओं एवं कार्यान्वयन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

प्रस्तावित कार्ययोजना के सफल कार्यान्वयन से न केवल नक्सलवाद के प्रभाव को समाप्त किया जाएगा, बल्कि बालाघाट के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

मंडला जिले में 8.08 लाख मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन, 1059 मतदान केंद्रों पर पुनरीक्षण



मंडला जिले में 8,08,420 मतदाता पंजीकृत हुए, जिनमें 3,99,922 पुरुष, 4,08,493 महिला और 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। औसत लिंगानुपात 1021 है। जिले में 881 सेवा निर्वाचक, 3,361 वरिष्ठ मतदाता, 12,999 युवा मतदाता तथा 10,799 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, 2027 के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत जिले के सभी 1059 मतदान केंद्रों पर गुरुवार को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया।

अपर कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक-सह-प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण कुशवाहा, श्री सीके तिवारी और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

प्रारूप मतदाता सूची पर 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं; इनका निराकरण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा और अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

मतदान केंद्रों में 8 नवीन केंद्र बनाए गए, 12 भवन परिवर्तित और 4 अनुभाग परिवर्तन के साथ कुल संख्या 1059 हुई।

— Rishabh Gupta

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश के मंडला के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय को राष्ट्रीय सम्मान से नवाज़ा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग एवं मंडला स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया, यह घोषणा राज्य सरकार ने की।

यह सम्मान प्रदेश में जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अवसर और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने के निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है।

जनजातीय कार्य विभाग, विद्यालय परिवार और सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय अंचलों में शिक्षा की नई ज्योति इसी तरह प्रगति के नए आयाम स्थापित करती रहे, यही कामना है।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

मंडला में 15 नवंबर को भव्य जनजातीय सांस्कृतिक रैली का आयोजन



मंडला जिले में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 2 से 3 किलोमीटर लंबी जनजातीय सांस्कृतिक रैली निकाली जाएगी। यह रैली जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते सहित अन्य नेताओं ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने रैली के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनजातीय परंपराओं के प्रदर्शन पर जोर दिया।

11 से 18 नवंबर तक जिले में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह के दौरान 15 अलग-अलग स्वरूपों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक और शिल्प प्रदर्शन शामिल हैं।

यह कार्यक्रम जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने और बिरसा मुंडा के महानायक के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

स्थानीय

मंडला में दक्ष प्रजापति आर्मी का प्रथम सामाजिक सम्मेलन: प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति उगली का स्वागत



शुक्रवार को मंडला नगर पालिका के टाउन हॉल में दक्ष प्रजापति आर्मी मध्यप्रदेश का प्रथम सामाजिक सम्मेलन और स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष आरएन प्रजापति उगली और महिला उत्थान विभाग की प्रदेश अध्यक्ष नीलिमा देवी प्रजापति का स्वागत किया गया।

सत्र में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और महिला उत्थान जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के विकास और समाज में सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना था।

— Rishabh Gupta

अपराध

भैंस और पाड़ा चोरी के दो हफ्तों में बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार



पिछले दो हफ्तों में हुई भैंस और पाड़ा चोरी की घटना में पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए चोरी गई पशु संपत्ति बराबर बरामद कर ली। बरामद किए गए भैंस एवं पाड़ा को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर मालिक को सौंप दिया गया।

जांच के दौरान पुलिस को तीन संदिग्धों की पहचान हो गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारियों के बाद पुलिस ने आरोपियों से चोरी के कारण और मोहताजियों के बारे में पूछताछ की।

पुलिस ने कहा कि इस सफलता से चोरी रोकथाम में जनता का भरोसा बढ़ेगा और भविष्य में ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ेगी।

— Ankit Parihar